# महावीर वन्दना करते हैं | By Dharnindhar Dadhich

सुनिए पवन कुमार, हरो भूभार प्रार्थना करते हैं
हर शनि मंगलवार ध्यान तेरा धरती हैं
महावीर वंदना करता हैं
महावीर याचना करते हैं
महावीर वंदना करता हैं
सुनिए पवन कुमार.........

अंजनी सुत हनुमान तुम्हारी महिमा अपरम्पार है
रामदूत महावीर केसरी कोटि कोटि जयकार है
कर सूरज का ग्रास गिरी के वास क्रीड़ाएं करते हैं
हर शनि मंगलवार ध्यान तेरा धरती हैं
सुनिए पवन कुमार.........

ऋषिमुख पर राम और सुग्रीव मित्रता करवाई
एक बार में लांघ गए कपि सात समंदर की खाई
गढ़ लंका को तोड़ मुद्रिका छोड़ सिया दु:ख हरते हैं
हर शनि मंगलवार ध्यान तेरा धरती हैं
सुनिए पवन कुमार.........

महाबली जा द्रोणागिरी पर्वत को उठा कर लाये थे
संजीवन बूटी लाकर लक्ष्मण के प्राण बचाये थे
कर रावण का नाश राम के दास हुंकार भरते हैं
हर शनि मंगलवार ध्यान तेरा धरती हैं
सुनिए पवन कुमार.........

लाल लाल मुख लाल लंगोटा, लाल अंजनी ललकारयो
ताल ताल पर डाल गदा फिर महाकाल को फटकारयो
कृपा करे रघुवीर निपुण रणधीर दुष्ट सब डरते हैं
हर शनि मंगलवार ध्यान तेरा धरती हैं
सुनिए पवन कुमार.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a5%80%e0%a4%b0-%e0%a4%b5%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-dharnindhar-dadhich/